# संपर्क कार्यालय, लखनऊ में रक्तदान शिविर का आयोजन

दिनांक 14/06/2022 को एनएचपीसी संपर्क कार्यालय लखनऊ में "विश्व रक्तदाता दिवस" के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा विश्व रक्त दाता दिवस 2022 पर एक प्रतिज्ञा श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक महोदय के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ली गयी । कार्यक्रम का आयोजन एनएचपीसी द्वारा लायंस क्लब, अवध, लखनऊ के सहयोग से किया गया। रक्तदान कार्यक्रम में स्वास्तिक चेरीटेबल ब्लड बैंक, लखनऊ के कुछ तकनीशियनों ने भी अपनी सेवाएं दीं। महाप्रबंधक सहित संपर्क कार्यालय और बीएसयूएल कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और संविदा कर्मचारियों ने रक्तदान किया और कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान 17 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के बाद श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक, संपर्क कार्यालय, लखनऊ ने लायंस क्लब, अवध, लखनऊ, स्वास्तिक चेरीटेबल ब्लड बैंक के अधिकारियों एवं रक्त दानदाताओं को इस महत्वपूर्ण कार्य में भाग लेने हेतु धन्यवाद दिया अंत में श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक, संपर्क कार्यालय, लखनऊ ने एनएचपीसी ,लायंस क्लब, अवध, लखनऊ एवं स्वास्तिक चेरीटेबल ब्लड बैंक के तरफ से सभी रक्त दानदाताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान किए।




**(श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक महोदय के नेतृत्व में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिज्ञा)**









**(श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक महोदय, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रक्तदान)**




**(श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक द्वारा रक्त दानदाताओं को प्रशंसा पत्र देते हुए)**





(श्री मनीष सहाय, महाप्रबंधक द्वारा रक्त दानदाताओं को प्रशंसा पत्र देते हुए)

# बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल), कालपी सोलर प्रोजेक्ट, परासन में विश्व रक्तदाता दिवस का आयोजन

बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल) की निर्माणाधीन 65 मेगावाट कालपी सोलर प्रोजेक्ट, परासन में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जालौन डा० अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 14/06/2022 को बीएसयूएल एवं संवेदक सवारयू इनर्जी लिमिटेड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वैच्छिक रक्तदान हेतु प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर श्री बृजेश शर्मा, जीएसएम (विद्युत),बीएसयूएल, श्री राकेश कुमार पाण्डेय, परियोजना अधिकारी यूपीनेडा एवं श्री एस के सरल, अधिशासी अभियंता, यूपीपीटीसीएल उपस्थित रहे।












**(श्री डा० अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी जालौन महोदय के नेतृत्व में बीएसयूएल एवं संवेदक सवारयू इनर्जी लिमिटेड के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिज्ञा)**

तदुपरांत मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने परियोजना एवं पारेषन लाईन के कार्यो का निरिक्षण एवं समीक्षा भी की।